तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

13 बोल-बम समिति ने श्रमदान कर की सफाई



14 सोनेसिली में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्व मनाया गया





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

### पर्यटन : झरझरा वाटरफाल बिखेर रही अनुपम छटा, घने जंगलों के बीच छिपा एक शांत अनुभव

# झरझरा वाटरफाल प्रकृति का है अनुपम संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मुरमुरा की डोंगरी पर स्थित मां झरझरा मंदिर वाटरफॉल इन दिनों पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जिला मुख्यालय गरियाबंद से 35 किलोमीटर और राजिम से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थल अपनी अनुपम छटा बिखेर रहा है। यह वाटरफॉल चारों ओर से घने जंगलों से घिरा होने के कारण इसकी खूबसूरती और भी बढ़ जाती है, जिसे देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है। झरने का आनंद लेने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं, जो यहां की शांति, ताजगी और अनूठे अनुभव से अभिभूत होते हैं। यह स्थान पिकनिक स्पॉट के लिए भी बेहतरीन माना जाता है, जहां बरसात के सुहावने मौसम में लोग बड़ी संख्या में मनोरंजन के लिए आते हैं।

**धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य का मेल**- झरझरा वाटरफॉल न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि इसका धार्मिक महत्व भी है। यहां प्रतिवर्ष मां झरझरा मंदिर में चैत्र और कुंवारी (क्वार) माह में ज्योत जवारा प्रज्वलित किए जाते हैं। लगभग 15 फीट की ऊंचाई से झरझर की आवाज करते हुए बहता यह झरना, बरसात के दिनों में अपनी प्राकृतिक सुंदरता से पर्यटकों का मन मोह लेता है।

**जतमाई घटारानी के तर्ज पर एक अद्भुत झरना**- झरझरा वाटरफॉल, जतमाई घटारानी के झरने के तर्ज पर ही बहता है। यह जतमाई घटारानी से लगभग 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर, ग्राम मुरमुरा से कच्ची सड़क मार्ग होते हुए दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।





### ओडिशा का गोधस झरना, 200 फीट ऊंचाई से दो हिस्सों में गिरता जलप्रपात

**रसेला।** पूर्वी भारत में स्थित ओडिशा अपनी बेजोड़ प्राकृतिक सुंदरता और कई खूबसूरत जगहों के लिए जाना जाता है। हालांकि, यह अक्सर पर्यटकों की नजरों से दूर रहता है। प्राचीन वास्तुकला से निर्मित मंदिरों, शांत समुद्र तटों और विशेष रूप से झरनों के साथ, ओडिशा का पर्यटन अनूठा अनुभव प्रदान करता है। इन्हीं में से एक है गोधस झरना, जो ओडिशा के पर्यटन में एक खास भूमिका निभाता है। गोधस झरना रसेला से लगभग 15 किलोमीटर दूर धरमबांधा और फिर वहां से 10 किलोमीटर आगे स्थित है। यह झरना सुनाबेड़ा वन्यजीव अभयारण्य में पड़ता है और नुआपाड़ा जिले से 29 किलोमीटर और रायपुर से 144 किलोमीटर दूर है। यह झरना लगभग 200 मीटर की ऊंचाई से दो भागों में एक ही स्थान पर गिरता है। यह खूबसूरत पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है, जो इसे एक मनमोहक दृश्य प्रदान करता है। गोधस झरना ओडिशा में एक छिपा हुआ रत्न है, जो शहर के जीवन की हलचल से दूर एक शांतिपूर्ण वापसी प्रदान करता है। यह प्राकृतिक सुंदरता और शांति की तलाश करने वालों के लिए एक सार्थक गंतव्य बनाता है। झरने का पानी स्वच्छ और ठंडा है, जो इसे प्राकृतिक स्नान के लिए एक अद्भुत स्थान बनाता है। सर्दियों का मौसम यहां पिकनिक मनाने के लिए सबसे अच्छा समय होता है, जब मौसम सुहावना होता है। हालांकि, गोधस जलप्रपात देखने का सबसे अच्छा समय मानसून (जून से सितंबर) के दौरान होता है, जब झरना अपने पूरे चरम पर होता है और पानी का प्रवाह सबसे अधिक होता है। गोधस झरना प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श जगह है। यहां अक्सर प्रकृति प्रेमी रंग-बिरंगे पक्षियों को निहारने पहुंचते हैं। दूर-दूर से पर्यटक इस झरने की सैर करने आते हैं, और सर्दियों के दौरान यहां अधिक पर्यटक आकर्षित होते हैं। पानी को नीचे गिरते हुए देखना एक रोमांचक अनुभव साबित होता है। आस-पास का हरा-भरा वातावरण और पानी की मधुर आवाज इस स्थान को और भी लुभावना बनाती है।







## खबर संक्षेप

### घटुला में कुएं से सियार का सफल रेस्क्यू



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से सटे ग्राम घटुला में एक सियार करण सिंह के खेत में स्थित कुएं में गिर गया था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सफल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सियार को सुरक्षित बाहर निकाला।

### घर में घुसा अजगर का विभाग ने किया रेस्क्यू



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से सटे खोखमा गांव में एक किसान दिलेश्वर नागेश के घर में अजगर सांप घुस गया था। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

### बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**छुरा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा बिजली की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया है। यह प्रदर्शन 16 जुलाई बुधवार को सुबह 11 बजे बिजली ऑफिस के सामने होगा। नगर पंचायत के वरिष्ठ पार्षद सलीम मेमन ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भारी संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** बाइक से फूल बेचने जा रहा व्यक्ति कार की टक्कर से घायल हो गया। घटना विंध्यवासिनी मंदिर किसनपुर के पास की है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पिथौरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पुलिस को ग्राम गोलाझर जिला बलौदाबाजार निवासी वेदप्रकाश पटेल ने बताया कि वह 28 मई को मोटर सायकल क्र. सीजी04 पीएच 1127 से फूल बेचने पिथौरा जा रहा था।

## फिंगेश्वर में शिव पुराण कथा का शुभारंभ, निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरीबनाथ सेवा समिति फिंगेश्वर ने 15 जुलाई को शिव पुराण कथा का भव्य शुभारंभ किया। सावन के पवित्र महीने में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा और स्थापना के साथ हुई। समिति का मानना है कि शिव पुराण की कथा जीवन में आध्यात्मिक चेतना जगाने के साथ-साथ लोगों के मन में धर्म के प्रति आस्था की ज्योति प्रज्वलित करती है। इस कथा के सानिध्य से मन और हृदय में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः ही आने लगते हैं। समिति ने सभी भक्तों को भगवान शिव की भक्ति में लीन होने के लिए आमंत्रित किया है। शिव पुराण की कथा 16 जुलाई से आचार्य जितेंद्र कुमार पाण्डेय (ग्राम सांगा, धमतरी) के मुखारविंद से गुंजायमान होगी। वेदी पाठ पूजा में आचार्य ओमशंकर चौबे महाराज उनका साथ देंगे। कार्यक्रम के मुख्य यजमान महेंद्र सिंह ठाकुर अपनी पत्नी पुष्पांजलि ठाकुर, बाबूलाल साहनी अपनी पत्नी शशि बाई और चेतन साहनी अपनी पत्नी सुस्मिता साहनी होंगे। मंच संचालन की जिम्मेदारी जागेश्वर साहू संभालेंगे। कलश यात्रा में डॉ. चंद्रशेखर हरित, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, अनिता शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। इस आयोजन से फिंगेश्वर में भक्तिमय माहौल बन गया है।

## दो पटवारी बर्खास्त कलेक्टर गरियाबंद की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

तहसील देवभोग में पदस्थ दो पटवारियों को लगातार लापरवाही, विभागीय परीक्षा में विफलता और लंबे समय तक बिना सूचना अनुपस्थित रहने के आरोपों के चलते सेवा से हटा दिया गया है। कलेक्टर गरियाबंद ने 14 जुलाई को आदेश जारी करते हुए दोनों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत दीर्घशास्ति बर्खास्तगी की सजा दी है। योगेन्द्र ठाकुर को वर्ष 2018 में प्रशिक्षु पटवारी के रूप में अस्थायी नियुक्त किया गया था। उनकी नियुक्ति शर्तों के अनुसार छह माह के भीतर विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य था। चार अवसर दिए जाने के बावजूद उन्होंने परीक्षा पास नहीं की। इसके अलावा वे लंबे समय तक बिना सूचना अनुपस्थित रहे और कार्यालयीन आदेशों की बार-बार अवहेलना की। वर्ष 2021 और 2022 में कई बार बिना अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित रहने के आरोप भी सिद्ध हुए। विभागीय जांच में सभी आरोप प्रमाणित पाए जाने पर उन्हें सेवा से हटा दिया गया। देवभोग तहसील में पदस्थ पटवारी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## चार साल की लड़ाई के बाद आखिरकार नागेश को वापस मिली पुश्तैनी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद

चार साल से अपने हक की पुश्तैनी जमीन के लिए भटक रहे मुरहा नागेश को आखिरकार न्याय मिल गया। सोमवार को परिवार सहित कलेक्टोरेट के सामने भूख हड़ताल पर बैठे मुरहा को आज मंगलवार को प्रशासन ने उसकी 7 एकड़ कृषि भूमि का कब्जा वापस दिला दिया। राजस्व अमले की मौजूदगी में मैनपुर एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने खुद मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कराई। यह कार्रवाई उस वक्त हुई जब मुरहा नागेश ने भूख हड़ताल के दौरान आत्मदाह की चेतावनी दी थी। परिवार के साथ वह सुबह से खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन पर बैठा था और शाम होते-होते प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई थी। पहले तो अधिकारियों ने इसे न्यायालयीन मामला कहकर टालने की कोशिश की, लेकिन मामला बढ़ता देख रात 8 बजे प्रशासन ने लिखित आश्वासन देकर कब्जा दिलाने का वादा किया, जिसके बाद मुरहा ने भूख हड़ताल खत्म की। प्रशासन ने दिखाई सख्ती, दोबारा कब्जे पर एफआईआर का अल्टीमेटम मंगलवार को प्रशासनिक अमला मैनपुर विकासखण्ड के खरीपथरा गांव पहुंचा और मुरहा नागेश को उसकी पुश्तैनी जमीन पर विधिवत कब्जा दिलाया गया। अधिकारियों ने साफ किया कि यदि इस भूमि पर दोबारा किसी ने अवैध कब्जा किया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### रिश्वत, रिकॉर्ड हेराफेरी और न्याय की लड़ाई

मुरहा नागेश का आरोप था कि गांव के दबंगों ने राजस्व विभाग की मिलीभगत से जमीन का रिकॉर्ड बदलवा कर उनकी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा कर लिया था। इस जमीन को वापस पाने के लिए उन्होंने करीब 2 लाख रुपये की रिश्वत भी दी थी। पिछले महीने तहसील ने उनके पक्ष में आदेश दिया, लेकिन कुछ ही दिनों में विरोधी पक्ष ने इसे एसडीएम कोर्ट में चुनौती दे दी और उन्हें खेती करने से रोक दिया गया। इस पूरी घटना ने एक बार फिर दिखा दिया कि जब नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से अपनी लड़ाई को सामने रखते हैं, तो प्रशासन को सुनवाई करनी ही पड़ती है। मुरहा नागेश की लड़ाई उन हजारों किसानों के लिए मिसाल बन सकती है, जो जमीन विवादों में फंसे हैं और न्याय की आस में सिस्टम की परिक्रमा कर रहे हैं।

### छात्र जान जोखिम में डालकर कर रहे पार

## हादसे को आमंत्रण दे रहा रवेली का क्षतिग्रस्त पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुइहा बेलर

फिंगेश्वर को रवेली गांव से जोड़ने वाले रवेली नाला पर बने पुराने और क्षतिग्रस्त पुलिया को बनाने की मांग पिछले पांच साल से लंबित है। इस पुलिया के टूटने से स्थानीय ग्रामीणों और स्कूली छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिंगेश्वर जाने के लिए यही मुख्य सड़क है, और अब सीधा जाना संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। हर बरसात में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, क्योंकि पानी पुलिया के ऊपर से बहने लगता है। चूंकि पुलिया टूटकर उसमें बड़े छेद हो गए हैं, इसे पार करना अत्यंत जोखिम भरा हो जाता है और यह एक बड़ा सुरक्षा खतरा बन जाता है। हर साल, पानी कम होने पर ग्रामीण पंचायत की मदद से अस्थायी मरम्मत कर इसे थोड़ा चलने लायक बना लेते हैं।



**जिम्मेदार विभाग की उदासीनता पर सवाल**- ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या पिछले पांच वर्षों से बनी हुई है, लेकिन संबंधित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) गरियाबंद को इससे कोई सरोकार नहीं है। विभाग के पास मरम्मत के लिए फंड न होने की बात कही जा रही है।

**विधायक की पहल से जगी उम्मीद**- हालांकि, अब उम्मीद की एक किरण जगी है। पीएमजीएसवाय के मुख्य कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर ने बताया कि उन्होंने शासन के उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। वहीं, राजिम विधायक रोहित साहू ने भी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंत्री को पत्राचार किया है, जिसके परिणामस्वरूप गरियाबंद जिला अधिकारी को पुलिया के प्राक्कलन (अनुमानित लागत रिपोर्ट) बनाने के निर्देश मिले हैं। इससे रवेली निवासियों में यह उम्मीद जगी है कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान हो पाएगा।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में 100 की जांच, 50 को मिले मुफ्त चश्मे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पंचायत राजिम के वार्ड क्रमांक 3 सरदार वल्लभभाई पटेल पारा में पार्षद जानकी पटेल के नेतृत्व में एमजीएम नेत्र हॉस्पिटल रायपुर द्वारा निशुल्क नेत्र जांच परीक्षण किया गया। जिसमें वार्ड के 100 लोगों ने अपना नेत्र परीक्षण करवाया। साथ ही लगभग 50 लोगों को जिनके देखने में कुछ तकलीफें हैं, उन सभी को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। इस ▶▶| शेष पेज 12 पर

# काव्यांश के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शास्त्री राग-रागिनियों ने समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के पंद्रहवें स्थापना दिवस के पूर्व संध्या में आयोजित कार्यक्रम में नगर के प्रथम नागरिक निखिल मनोजकांत साहू के मुख्यातिथ्य, भागवत जगत भूमिल की अध्यक्षता तथा विशेष अतिथि प्रलय थिटे, एस चंद्रसेन एवं डॉ.साधना कसार के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पावन वंदना से हुआ।

रागों के सिरमौर राग-बसंत में मां सरस्वती की पावन वंदना मां भगवती सुर भारती,आचार्य बीआर साहू के संगीत निर्देशन में जिसमें रश्मि मानिकपुरी, खिलेश्वरी साहू एवं दुर्गा साहू द्वारा समूह गीत के रूप में प्रस्तुत प्रस्तुत किया गया। इस वंदना को सुनकर लोग भाव विभोर हो गए। स्वागत भाषण संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने प्रस्तुत किया। पश्चात काव्यांश की स्वर कोकिला स्वाति बाला जगत ने आचार्य बीआर साहू के संगीत निर्देशन एवं भागवत जगत भूमिल की शब्द रचना को गौड़ सारंग राग में प्रस्तुत किया। इस काव्यांश गौरव गान को काव्यांश के किसी भी कार्यक्रम के शुभारंभ में गाया जाता है और उपस्थित लोग इसके सम्मान में खड़े हो जाते हैं। पश्चात विदुषी गायिका एवं छत्तीसगढ़ शासन की जिला पुलिस अधिकारी दिनेश्वरी नंद ने शास्त्रीय राग गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीतमयी सभा में प्रसिद्ध संगीतकार



आचार्य बीआर साहू द्वारा हारमोनियम वादन तथा कुशल तबला वादक किसन लाल देवदास का तबला वादन बरबस ही अपनी ओर ध्यान खींच रहा था। राग आधारित संगीतमय कार्यक्रम में जहां सुंदर तिहाई एवं मुखड़े तबला में सुनाई दे रहे थे। वहीं हारमोनियम के सुर में सुर साधते स्वर के साधकों के कोकिल स्वरमय अलंकार अनायास ही आकर्षित कर रहा था। संगीतमय कार्यक्रम के गीतों एवं राग-रागिनी का सुंदर एवं सटीक जानकारी कार्यक्रम के संचालक एवं संगीत मर्मज्ञ सुरेंद्र मानिकपुरी दे रहे थे, जिससे शास्त्रीय संगीत को आत्मसात करने में सुलभता का अनुभव हो रहा था।

महासमुंद की यह एकमात्र अकेली संस्थान है, जहां साहित्यकार, संगीतकार, गीतकार, कलाकार और नाटककार एक ही मंच पर मिलते हैं। संगीतमय कार्यक्रम के बाद विशेष अतिथि के आसंदी से बोलते हुए प्रलय थिटे ने काव्यांश को एक अद्वितीय संस्था कहा। वही डा. साधना कसार ने इसे साहित्य की टकसाल की उपमा दी। जबकि, एस चंद्रसेन ने आर्थिक सहयोग पर बल दिया और कहा कि हमें शासन के ऊपर आश्रित न रह कर आत्म निर्भर रहने की सलाह दी। मुख्य अतिथि निखिल मनोजकांत साहू ने कहा कि काव्यांश एक अद्भुत संस्था है इसके उद्देश्य और कार्य अनुकरणीय है। अवसर पर संस्थान द्वारा निखिल मनोजकांत साहू को वर्ष 2025 का काव्यांश युवा सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्व उमेश भारती गोस्वामी मृदुल, जयपटेल पथिक, डी.बसंत साव साहिल, आचार्य बीआर साहू, किसन लाल साहू, वृंदावन लाल पटेल, द्रौपदी साहू सरसिज, ज्योत्सना कन्नौजे ज्योति, अंजू सोनछत्र, दिनेश चंद्राकर चारुमित्र, मुरली पटेल, नाना साहेब मानिकपुरी, रत्नेश सोनी, स्वाति बाला जगत, रश्मि मानिकपुरी, दिनेश्वरी नंद, खिलेश्वरी साहू, दुर्गा साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के उपाध्यक्ष सुरेंद्र मानिकपुरी एवं आभार प्रदर्शन दिनेश चंद्राकर चारुमित्र ने किया। उपरोक्त जानकारी संस्थान के महासचिव जयराम पटेल पथिक ने दी है।

## खबर संक्षेप



### मौना पंचमी पर महिलाओं ने रखा व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सखी सहेली स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मौना पंचमी का व्रत रखा। इस मौके पर भगवान महादेव के साथ नाग देवता की पूजा अर्चना की। प्राची चंद्राकर ने बताया कि यह माना जाता है कि सुहागिन महिलाओं ने इस दिन मौना पंचमी का व्रत रखती हैं और भगवान महादेव नाग देवता की विधिवत से पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही भगवान महादेव नाग देवता को घी, सूखे फल, फूल, माला, दूध आदि चढ़ाते हैं। सभी मनोकामना पूरी होते हैं। इस अवसर पर राधिका वैष्णव, दुर्गा, कलिंद्री, गुंजा, खेमीन, मीना, लछवंतीन, दामिनी, बृजेश्वरी, दिनेश्वरी, हीरा आदि मौजूद रहे।



### रामसागर स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** संकुल पटेवा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रामसागर में मंगलवार को न्योता भोज हुआ। प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा द्वारा जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोज कराया। सिन्हा ने बताया की न्योता भोज समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ाता है। समुदाय को शाला से जोड़ने की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। शादी, वैवाहिक, वर्षगांठ, जन्मोत्सव, तीज त्योहार के महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्ण या आंशिक भोजन प्रदान कर बच्चों को न्योता भोज करा सकते है। इस आयोजन में संस्था के शिक्षक कोमल दीवान, संकुल समन्वयक राजू देवांगन, मिडिल स्कूल से प्रधान पाठक ऋषि पटेल, रविकांत गोस्वामी, मुरलीधर निषाद, प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन यादव, उपाध्यक्ष कमल ध्रुव, शिक्षाविद अनिता यादव एवं सरपंच आशा बाई ठाकुर, पंच कामिन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### निधन

#### दीनबंधु चंद्राकर

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी राम मंदिर पारा निवासी दीनबंधु चंद्राकर (74)



का देहांत 14 जुलाई सोमवार को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में दोपहर 1 बजे किया गया। शवयात्रा में जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। वे गोदावरी चंद्राकर के पति व तरुण चंद्राकर के पिता थे।

## बैठक : समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

# विकास कार्यों में गति लाने पर जोर, राशन वितरण के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

■ मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर तत्काल अमल करें, सभी विभाग ई-ऑफिस का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कलेक्टर विनय कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर की। बैठक में शासन की प्राथमिकताओं, जन घोषणाओं, योजनाओं और आगामी आयोजनों को लेकर निर्देश दिए गए तथा जन शिकायत, जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, जवाब दावा आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि घोषणाओं पर अमल करते हुए कार्य प्रारम्भ करें। जनपद सीईओ और निर्माण एजेंसियां इस कार्य को गंभीरता से लें और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने गढ़फुलझर में पर्यटन के क्षेत्र में की गई घोषणाओं पर त्वरित अमल करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने समग्र शिक्षा अंतर्गत अपूर्ण एवं अप्रारम्भ कार्यों को प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। अनुकंपा के रिक्त पदों की जानकारी सभी प्रभारी अधिकारियों को दिए गए है ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर ने शासन की महत्वपूर्ण ई-ऑफिस कार्यक्रम को सभी कार्यालयों में लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही प्रेषित किए जाए। इस संबंध में बैठक के दौरान अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया।

कलेक्टर ने कहा सभी एसडीएम फील्ड में जाकर विकास कार्यों का निरीक्षण करें और गुणवत्ता की निगरानी करें। कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए नालियों और पानी की टंकियों की सफाई के निर्देश दिए गए। सभी नगरीय निकायों को सघन स्वच्छता अभियान चलाने को कहा गया। कलेक्टर ने राशन वितरण और आयुष्मान कार्ड निर्माण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, जनहित के कार्यों में पारदर्शिता सर्वोपरि है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बैठक में राजस्व प्रकरणों, सुशासन तिहार, पीएम जनमन योजना आदि की भी समीक्षा की गई। पीएमजनमन अंतर्गत सभी विकास के संकेतांकों को 15 अगस्त के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर और गांवों के मुख्य मार्गों से आवारा पशुओं को तत्काल हटाया जाए। इससे यातायात व्यवस्था सुधरेगी और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। सभी नगरीय निकायों और पंचायतों को संयुक्त कार्रवाई करने को कहा गया। सभी विभागों को अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने को कहा गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।




### निजी दुकानों में खाद का अवैध भंडारण, हो तत्काल कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर ने खाद वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी निजी दुकान में खाद का अवैध भंडारण पाए जाने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। कृषि उप संचालक ने बताया कि जिले में वर्तमान में 18234 मीट्रिक टन खाद शेष है। उन्होंने बताया कि 469 मीट्रिक टन डीएपी खाद की खेप भी पहुंची है। जिसे जल्द ही समितियों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में किसानों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों का पंजीयन अनिवार्य किया जाए। बिना पंजीयन के कृषक उन्नति योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसके लिए राजस्व, कृषि और सहकारी विभाग मिलकर व्यापक प्रचार-प्रसार करें। ताकि, कोई भी पात्र किसान वंचित न रह जाए। धान संग्रहण एवं उठाव केंद्रों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि बारिश को ध्यान में रखते हुए केंद्रों की मरम्मत गिट्टी व मुरुम से की जाए ताकि धान को नुकसान न हो। मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत अब तक जनभागीदारी से जल संचयन के लिए 144 इंजेक्शन वेल और 4777 सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया जा चुका है। इस कार्य की सराहना करते हुए कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया जनभागीदारी से बन रहे जल संचयन के कार्यों में शिक्षा विभाग द्वारा 987, महिला बाल विकास द्वारा 531, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 एवं जिला पंचायत द्वारा 3241 गड्ढों का निर्माण जनभागीदारी से किया गया है।

# आज से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे सफाई कर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ फिंगेश्वर के समस्त कर्मचारी प्रदेश व्यापी आह्वान पर 16 जुलाई को अभनपुर से पदयात्रा करते हुए तूता धरना स्थल से मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रहे हैं। इन कर्मचारियों की प्रमुख एकसूत्रीय मांग अंशकालीन से पूर्णकालीन कलेक्टर दर पर वेतन है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले 15 वर्षों में उनका मासिक मानदेय केवल 1034 रुपये से बढ़कर 3464 रुपये हुआ है, जिससे वे अपने घर-परिवार का गुजारा नहीं चला पा रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि स्कूल खुलने से पहले 2 घंटे साफ-सफाई का कार्य निर्धारित है, लेकिन स्पष्ट आदेश न होने के कारण उनका पूरा दिन का काम बर्बाद हो जाता है। ब्लॉक अध्यक्ष फिंगेश्वर तरुन कुमार साहू ने बताया कि 2 घंटे के काम को दो भागों में बांट दिया गया है, जिससे दिनभर का काम प्रभावित होता है। इसके अलावा, पिछले 15 वर्षों से सरकारी स्कूलों में चपरासी की भर्ती नहीं हुई है, और यह काम भी अंशकालीन कर्मचारी ही कर रहे हैं।

### भाजपा की मोदी गारंटी पर आक्रोश

जिला सचिव चेतन सिन्हा कुंडेल ने कहा कि भाजपा ने 'मोदी गारंटी योजना' के तहत 100 दिनों में उनकी मांग पूरी करने का वादा किया था, जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इसी बात को लेकर कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। इन कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से स्कूलों की साफ-सफाई सहित अन्य दैनिक कार्य प्रभावित होंगे। इस पदयात्रा में शामिल होने वालों में जिला सचिव चेतन सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष तरुन साहू, सचिव खुमान राम पटेल, उपाध्यक्ष रामसरा वर्मा, दिनेश निषाद, खिलावन साहू, पुनीत साहू, गौतम मंडले, चैतराम त्रिलोकी, लीलाराम, आसकरन दीवान, ओंकार ध्रुव, दिलीप, नंदनी बाई, रामरतन साहू, सेवाराम साहू, सनत साहू सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# झलप के तीन होनहार छात्र संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलप

शिक्षा और खेल के क्षेत्र में एक बार फिर झलप क्षेत्र ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। क्षेत्र के तीन प्रतिभाशाली स्कूली छात्रों का चयन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

हायर सेकेंडरी झलप की खेल शिक्षिका राजेश्वरी ध्रुवंशी ने बताया कि 4 जुलाई को तुमगांव में विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें पूर्व माध्यमिक शाला झलप के कक्षा 8वीं के छात्र नूतेंद्र यादव (पिता शेखर यादव) एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल झलप के कक्षा 7वीं के छात्र अंकुर ध्रुवंशी का चयन अंडर-14 वर्ग में जिला स्तर हेतु हुआ। इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पटेवा के कक्षा 11वीं के छात्र सौम्य चंद्राकर (पिता मनीष चंद्राकर) ने अंडर-17 वर्ग में अपना स्थान सुनिश्चित किया। पश्चात 12 जुलाई को पिथौरा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इन तीनों छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सफलता पूर्वक अपना चयन सुनिश्चित किया। इस उपलब्धि पर मिडिल स्कूल झलप की प्रधान पाठिका तारा ध्रुव सहित समस्त शिक्षकीय स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। झलप क्षेत्र के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है, जहां के छात्र न केवल शिक्षा बल्कि खेल के क्षेत्र में भी लगातार अपनी छाप छोड़ रहे हैं।

# सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शहर के टाऊन हाल में प्रेरक गरियाबंद द्वारा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों के मुखियाओं के लिये एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन, कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और समितियों के सदस्यों ने भाग लिया।

डिप्टी रेंजर सतीश कुमार पटेल ने कहा कि जंगल की सुरक्षा एवं संरक्षण की जिम्मेदारी अब सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों के हाथों में है। उन्होंने आगजनी, अवैध कटाई और सीमांकन जैसे मुद्दों पर जागरुकता और निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर ने वनोपज के मूल्य निर्धारण में ग्रामसभा की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार की कई योजनाएं उपलब्ध हैं, परंतु जानकारी के अभाव में समुदाय लाभ से वंचित रह जाता है। उन्होंने वनोपज आधारित आजीविका को बढ़ावा देने की जरुरत जताई।



प्रेरक गरियाबंद के अध्यक्ष रामगुलाल सिन्हा ने समितियों को आबंटित वन क्षेत्र की जानकारी रखने, सीमा विवादों के समाधान के लिए सीमांकन करने और निस्तार नियमों पर आधारित स्पष्ट कार्य योजना बनाकर उस पर अमल करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि आग से बचाव, अवैध कटाई रोकथाम, वन सुरक्षा समिति का गठन तथा पारदर्शी वन प्रबंधन व्यवस्था विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला में तेजराम यादव, केशरी चंद (जैविक कृषक) एवं गुड्डी सिन्हा जैसे सामुदायक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी अपने अनुभव साझा किए। गुड्डी सिन्हा ने जंगल संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाकर उन्हें नेतृत्व की भूमिका देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में प्रमोद चंद्राकर सहित सभी अतिथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों को पौधों का वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम का समन्वय हेमलता राजपूत द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। कार्यशाला ने समितियों के सदस्यों को अपने दायित्वों को समझने और स्थानीय वन संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।



### गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में सावन मास में यज्ञ एवं साधना अनुष्ठान प्रारंभ

**महासमुंद।** ऐतिहासिक एवं पुरातत्व नगरी सिरपुर में गायत्री परिवार द्वारा गायत्री चेतना केंद्र का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस पावन स्थल पर श्रावण मास पर विशेष यज्ञ एवं साधना अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया है। इस मासिक साधना कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन गायत्री मंत्र की 24 माला जप की जा रही है। एक माह में कुल 5 लाख 25 हजार गायत्री मंत्र जप का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साधकों द्वारा यह अनुशासित साधना पूर्ण श्रद्धा एवं निष्ठा से की जा रही है। अनुष्ठान के साथ-साथ प्रतिदिन एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, गायत्री परिवार के 16 संस्कार जैसे - पुंसवन, नामकरण, जन्मदिवस, मुंडन, विवाह आदि निःशुल्क कराए जा रहे हैं। भविष्य में पिंडदान जैसे मरणोत्तर संस्कारों के आयोजन की भी योजना है।



# फॉरेस्ट्री छात्रों ने बनियाधस जलप्रपात का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मंगलवार को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के फॉरेस्ट्री के विद्यार्थियों ने वन परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट स्थित बनियाधस जलप्रपात का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों को वनों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा के महत्व के साथ-साथ हाथी ट्रैकिंग और पेट्रोलिंग कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर सहायक संचालक तोरेंगा, एसडीओ (गरियाबंद), वन परिक्षेत्र अधिकारी कुल्हाड़ीघाट और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। यह भ्रमण छात्रों को वन्यजीव संरक्षण के व्यावहारिक पहलुओं को समझने में सहायक होगा।

# पालिकाध्यक्ष ने किया स्वच्छता दीदियों को रेनकोट वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कर्मचारियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्वच्छता दीदियों को रेनकोट का वितरण किया। ज्ञात हो कि कड़ी धूप, कड़ाके की ठंड तथा बरसते पानी में भी शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में स्वच्छता दीदी अपना योगदान दे रहे हैं। शहर में जल जमाव के हालात ना हो इसके लिए सफाई मित्र और नगर निकाय के कर्मचारी जल निकासी सहित सफाई के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। स्वयं नपाध्यक्ष साहू भी सुबह से देर शाम तक शहर का निरीक्षण करते नजर आते हैं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की नजर बरसते पानी में बिना रैनकोट के काम कर रहे सफाई मित्रों पर पड़ी तो वे द्रवित हो उठे। पालिका अध्यक्ष जितना काम के प्रति सख्त नजर आते हैं, उतना ही उनका दिल भी नरम है। उन्होंने सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों को भीगते देख तत्काल रेनकोर्ट की व्यवस्था कराई तथा आज मंगलवार को अपने कक्ष में पालिका के सफाई मित्रों को रेनकोट का वितरण किया।



रेनकोट वितरण करते हुए साहू ने कहा कि शहर को साफ व सुंदर बनाने के साथ-साथ पालिका अपने कर्मचारियों का ध्यान भी रख रहा है। समय-समय पर पालिका द्वारा स्वच्छता दीदियों व सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनके सेहत का भी ध्यान रखा जा रहा है। रेनकोट मिलने से अब कर्मचारी बरसते पानी में भी अपना कार्य सुगमता से कर सकेंगे। इस अवसर पर पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, पीयूष अमृत साहू, चंद्रशेखर बेलदार, नीरज चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, प्रभारी जल सीताराम तेलक, स्वच्छ भारत मिशन के समन्यवयक नीतू प्रधान, प्रभारी नौशाद बक्श, रमा महानंद आदि मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष...

### दो पटवारी बर्खास्त...

ऐशेश्वर सिंह कोमर्रा को भी लापरवाही, अनियमितता और अनुपस्थित रहने के आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद सेवा से हटा दिया गया। नोटिस और ज्ञापन के बावजूद उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। अंततः कलेक्टर ने उन्हें भी बर्खास्त करने का आदेश जारी किया। कलेक्टर का सख्त संदेश कलेक्टर गरियाबंद ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता, कार्य में लापरवाही और नियमों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### निःशुल्क नेत्र...

अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद जानकी पटेल, सेजस आत्मानंद के सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, पूर्व पार्षद भूखन पटेल, अर्चना गुप्ता, भाजपा नेता संजीव साहू, किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने कहा कि वार्ड के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कोई भी परेशानी ना हो इसके लिए वार्ड में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। कहा कि पार्षद जानकी पटेल आप सभी के परिवार की सदस्य है, आप सभी के सुख-दुख में हमेशा तत्पर रहेंगी, तथा वार्ड के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पुख्ता अवसर पर मुख्य रूप से भूषण निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, ईश्वरी पटेल, खोरबहरा पटेल, हीरालाल चक्रधारी, लता सेन, हेमंत पटेल, दुरसिया सेन, करुणा देवांगन, गोपी देवांगन सहित सैकड़ो लोगों ने निशुल्क नेत्र परीक्षण कराया।

## खबर संक्षेप



### राजिम से रामलला दर्शन को रवाना हुए श्रद्धालु

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत श्रद्धालुओं का दल अयोध्या के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर पार्षद गणों ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। श्रद्धालुओं ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें जीवन में पहली बार अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शासन द्वारा भोजन, आवास एवं मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था की गई है।

### गरीबों के पक्के मकान का सपना हो रहा पूरा : योगेश

मैनपुर। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा की विकास और खुशहाली का दूसरा नाम भाजपा सरकार है छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने डेढ़ साल में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारने का कार्य कर दिखाया है। श्री शर्मा ने कहा केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार ने आज जो योजनाएं संचालित कर रही है उसका सीधा लाभ दूरस्थ वनाचंल के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। आज लाखो की संख्या में प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जा रहा है एक परिवार के लिए पक्का आवास का सपना पूरा करना यह भाजपा सरकार की बेहद महत्वपूर्ण योजना है इस योजना से प्रदेश के लाखो गरीब परिवारो का सपना पूरा हो रही है। उन्होने आगे कहा महतारी वंदन योजना के माध्यम से लाखो महिलाओ को इसका लाभ मिल रहा है और अब ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी आर्थिक रूप से सक्षम हो रही है छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार की सभी योजनाएं काफी महत्वपूर्ण है।

### नहर नाली की सफाई में सिंचाई विभाग नहीं दे रहा ध्यान : ठाकुर

**मैनपुर।** जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोग पिछले आठ माह से निस्तारी जल की समस्या से जूझ रहे है तालाब में दिसम्बर 2024 में ही पानी सुख गया तब से लेकर अब तक निस्तारी जल के लिए नगर में हाहाकार मचा हुआ है जबकि इस समस्या से नगरवासी स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार



अवगत करा चुके है लेकिन अब तक इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं देने के कारण 10 हजार की आबादी वाले मैनपुरवासी परेशान हो गए हैं और कभी भी बड़े आंदोलन कर सकते है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर ने आज गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर गरियाबंद के नाम आवेदन देकर मैनपुर के निस्तारी तालाब में पानी भरने और नहर नाली की सफाई कराने की मांग किया है। सियाराम ठाकुर ने बताया की तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित एकमात्र निस्तारी तालाब है जिससे पूरे नगर व क्षेत्र के लोगो का निस्तार होता है और इस तालाब में बारिश का पानी भरने के लिए स्टापडेम से तालाब तक नहर नाली का निर्माण 20 वर्ष पूर्व किया गया था लेकिन अब नाली में मिट्टी व कचरे भर जाने के कारण नहर से पानी तालाब में नहीं आ पा रहा है। पूर्व में सिंचाई विभाग के एसडीओ एवं स्थानीय अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया था तो एक सप्ताह के भीतर नहर नाली की सफाई कर तालाब में स्टापडेम से पानी भरने का आश्वासन दिया गया था और अधूरे नहर की सफाई किया गया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर ने मांग किया है कि तालाब में पानी भरने के लिए इस 500 मीटर नहर नाली को सफाई के साथ कांक्रीटीकरण किया जाए और समस्या का स्थायी समाधान किया जाए अन्यथा आम आदमी पार्टी आंदोलन करने बाध्य होंगे जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### अभियान : छुरा में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का हुआ शुभारंभ, दिलाई शपथ

# स्वच्छता है स्वास्थ्य की असली कुंजी दैनिक दिनचर्या से हमेशा रहे निरोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भारत में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के सरकारी और सामाजिक प्रयासों के तहत, सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान 2025 की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय में इस अभियान का विधिवत क्रियान्वयन किया गया। अभियान के उद्देश्यों को बताते हुए मिथलेश सिन्हा ने कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और गंदगी के कारण फैलने वाली बीमारियों पर रोक लगाना है। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा है के नारे को दोहराते हुए सभी को खुद सेवा करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। श्री सिन्हा ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

**नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिया स्वच्छता का संदेश-** नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन एक सप्ताह तक सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग बोरे में भरकर उसका सही निपटान करना चाहिए और दूसरों को भी यह संदेश देना चाहिए। उन्होंने अभियान के प्रमुख उद्देश्यों को रेखांकित किया। घर, गली, मोहल्ला और शहर को स्वच्छ रखना। कूड़ा-कचरा उचित स्थान पर डालना और उसके निस्तारण की व्यवस्था करना। मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव। लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता (हाथ धोना, साफ पानी पीना, शौचालय का उपयोग) के लिए प्रोत्साहित करना। खुले में शौच को पूरी तरह समाप्त करना। उन्होंने बीमारी से बचने के उपायों पर भी जोर दिया, जैसे पानी जमा न होने देना ताकि मच्छर न पनपें।

#### व्यक्तिगत स्वच्छता और बच्चों की भूमिका

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर सेन ने बताया कि नियमित रूप से हाथ धोना, नाखून काटना, साफ-सुथरा भोजन खाना, और घर व आसपास की जगह को साफ रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कूड़े के डिब्बे को ढककर रखने और बच्चों को स्वच्छता के नियमों के बारे में समझाने की बात भी कही। समाजसेवी शीतल ध्रुव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें अपने वार्ड, मोहल्ला, गांव, विद्यालय, प्रदेश और देश को स्वच्छ रखना है, क्योंकि स्वच्छता से स्वास्थ्य अच्छा रहता है और स्वास्थ्य ही मनुष्य का पहला सुख है। इस अवसर पर सभापति रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव, निखिल साहू, समिति सदस्य इमरान मेमन, लीना दुबे, पीआईयू विष्णु निर्मलकर, प्राचार्य



एनसी साहू, विनोद देवांगन, कैलाश पटेल, केशव साहू, परागा ध्रुव, आरती बंजारे, मनीषा और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# 5 साल के बालक ने पौधा लगाकर दिया बड़ा संदेश

#### पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम सुरसाबांधा में आयोजित नव सृजन गायत्री परिवार के पौधारोपण कार्यक्रम में उस समय एक अनोखा और भावुक क्षण देखने को मिला, जब महज पांच वर्ष का एक नन्हा बालक अपने नन्हे हाथों में पौधा लेकर पौधारोपण में जुट गया। दादी मां के साथ पहुंचे इस छोटे बालक ने अपनी मासूम मुस्कान और संकल्पित भाव से सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। उसने न केवल पौधा रोपित किया, बल्कि अपनी छोटी सी पहल से यह बड़ा संदेश दिया कि पर्यावरण की रक्षा की जिम्मेदारी केवल बड़ों की नहीं, बल्कि हर उम्र के नागरिक की है। यह बालक शासकीय हाई स्कूल बोडरा के प्राचार्य श्यामसुंदर साहू का भतीजा है और नव सृजन परिवार से जुड़ा हुआ है। उसकी यह पहल दर्शाती है कि अगर बच्चों को बचपन से ही सही संस्कार और चेतना मिले, तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बन सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, जनपद सदस्य सीमा साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला संघचालक प्रेमलाल साहू, मंडल अध्यक्ष



रिकेश साहू एवं प्राचार्य ललिता अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी पौधारोपण कर इस नेक पहल में भागीदारी निभाई। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में पौधा रोपण को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सबसे सशक्त कदम बताते हुए सभी से जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने का आह्वान किया। लेकिन इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी प्रेरणा बना वह नन्हा बालक, जिसने अपने नन्हे कदमों से हर दिल में हरियाली की उम्मीद बो दी।

# घर-घर दीप यज्ञ और संस्कार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन और गायत्री शक्तिपीठ राजिम के मार्गदर्शन में मां भगवती महिला मंडल द्वारा घर-घर जाकर दीप यज्ञ और विभिन्न संस्कार कराए जा रहे हैं।



गायत्री शक्तिपीठ राजिम की सहायक प्रबंध ट्रस्टी चंद्रलेखा गुप्ता के नेतृत्व में, क्षेत्र के आसपास के गांवों में गायत्री महिला मंडल द्वारा दीप यज्ञ और संस्कार के दौरान यह बताया जा रहा है कि 2026 में शांतिकुंज जनशताब्दी पर्व मनाया जाएगा। यह अभियान युगद्रष्टा वेदमूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जारी है। अभियान के तहत संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया जा रहा है कि संस्कार हमारी प्राचीन परंपरा है। इसका मुख्य उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण है। वक्ताओं ने कहा कि यदि मनुष्य के अंदर देवत्व लाना है, तो उसके अंदर संस्कार का होना आवश्यक है, तभी यह धरती स्वर्ग के समान बनेगी। आगे बताया गया कि पूज्य गुरुदेव ने 3200 साहित्य लिखे हैं, जिन्हें ज्ञान प्रसाद के रूप में घर-घर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही, बलि वैश्व और मंत्र लेखन के महत्व पर भी प्रकाश डाला जा रहा है। इसके अलावा, युग निर्माण सत्संकल्प (जिसे नवयुग का संविधान कहा जाता है) का वाचन कर लोगों को भेंट किया जा रहा है। यह अभियान पूरे सावन माह तक जारी रहेगा। इस मौके पर नीलम, नरेंद्र साहू (शंकर नगर), अराधना, राजेंद्र नाग, ममता, यादराम साहू, विनीता, शैलेंद्र साहू, सांमवी साहू, लक्ष्मी और जिनेंद्र साहू सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# पाण्डुका में कला, संस्कृति का संगम, सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था की पहली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध चतुर्भुजी आश्रम सिरकट्टी पाण्डुका में 13 जुलाई को कला, संस्कृति, धर्म और साहित्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। आश्रम के संचालक और महामंडलेश्वर श्री गोवर्धन शरण ब्यास की गरिमामयी उपस्थिति और आशीर्वाद से सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था जिला गरियाबंद की नवगठन के बाद पहली बैठक आयोजित हुई। सुबह 11 बजे शुरू हुई इस बैठक में गीत, संगीत, भजन के साथ-साथ मान-सम्मान, उद्बोधन और आशीर्वचन का दौर चला। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विचारों पर भी विमर्श किया गया।

इस खास अवसर पर, समाज कल्याण, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और साहित्यिक क्षेत्र में असाधारण कार्य करने वाले, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मुन्ना देवदास (ग्राम कोपरा निवासी) को उनके प्रथम छत्तीसगढ़िया 36वें विश्व रिकॉर्ड दर्ज होने पर सिरजन संस्था ने शुभकामनाएं दीं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिला गरियाबंद से मम राजीव लोचन मानस संघ और पैरी परिक्रमा पथ समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। महंत ब्यास जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए धर्म, कला, संस्कृति, सामाजिक उत्थान, नवाचार और साहित्य क्षेत्र के संरक्षण और संवर्धन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सिरजन लोक कला संस्थान के पदाधिकारियों को आगामी वर्ष में होने वाले पैरी परिक्रमा पथ भ्रमण के लिए भी आमंत्रित किया। इस अवसर पर सिरजन के प्रदेश मुखिया डॉ. दीनदयाल साहू (भिलाई), केंद्रीय प्रतिनिधि डॉ. ईश्वर तारक, संस्थापक गौकरण मानिकपुरी, प्रधान संरक्षक साहित्यकार नूतन लाल साहू, धमतरी जिला अध्यक्ष संगीता मानिकपुरी, संरक्षक सेवक ठाकुर, अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरै, उपाध्यक्ष महेश्वरी सिन्हा, सचिव बाबूलाल साहू, सहसचिव रुक्मणी दीवान, कोषाध्यक्ष गिरवर सिंह ध्रुव, गंगा बाई मानिकपुरी, खेम निषाद, बुधारू यादव, दौलत, चैतू राम तारक, शंभू राम टोंडरे, जय सिंह दीवान, जिला उज्जवल दिव्यांग संघ के अध्यक्ष जागेश्वर साहू, मम राजीव लोचन मानस जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, महामंत्री कुमान सिंह ध्रुव (प्राचार्य), फिंगेश्वर ब्लॉक प्रमुख नंदकुमार यादव, मैनपुर ब्लॉक प्रमुख डोमार सिंह पटेल, पूर्व अध्यक्ष गिरवर गंधर्व, हीरा बाई चक्रधारी मौजूद थे।

बैठक का संचालन नूतन लाल साहू ने हास्य-व्यंग्य कविताओं के माध्यम से किया और आभार व्यक्त सहसचिव रुक्मणी दीवान ने किया।

# बोल-बम समिति ने श्रमदान कर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सोमवार को शिव मंदिर रसेला में बोल बम समिति रसेला द्वारा सामूहिक श्रमदान करते हुए साफ़ सफाई की। मंदिर के अंदर और बाहर एवं आस-पास साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। बोल-बम समिति के मुख्य राधे निषाद ने श्रमदान करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि हमारे संस्कार और स्वभाव का हिस्सा होना चाहिए। और लोगों को साफ़ सफाई के प्रति जागरूक किया। समिति के सदस्य लोकराम ध्रुव, धनेश्वर दास,निर्भय दास ने बताया कि समिति के सदस्यों ने श्रमदान के दौरान घास पूस आसपास चारों तरफ बिखरे कचरे और पालिथीन को जलाकर नष्ट किया। साथ ही पानी से धुलकर साफ़ किया। स्वच्छ और सुंदर यहां जगह बने एक अच्छा विचार है। यही समय है कि सब मिलकर मंदिर को स्वच्छ रखें। चलिए यह पक्का करें कि हमारे सार्वजनिक स्थल साफ सुधरे रहेंगे, यह पक्का करते हैं कि हम फिट और हेल्दी रहेंगे। इस अभियान में कन्हैया नागेश, राजू चौहान, सोनु यादव, मुकेश निषाद, बसंत निषाद, टेस निषाद, राम ध्रुव, समीर ठाकुर, अभय यादव, भूषण यादव, डोमेश नेताम, पप्पु ठाकुर, कुंदन सेन सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मंगलवार को दिल्ली प्रवास से वापसी के दौरान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का स्वागत स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में अशफाक लखानी द्वारा किया गया और साथ ही उन्हें ने साथियों द्वारा जन्मदिन की बधाई दी गई। जिसमें अनुभव जैन, सौरभ सोनी, अभिजीत श्रीवास, प्रतीक साहू सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु-शिष्य संवाद पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

# गुरु के वचन और शिष्य की जिज्ञासा से बनता है संवाद का सेतु : रूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा व्याख्यान श्रृंखला के अन्तर्गत मंगलवार को 'भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु-शिष्य संवाद' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक विरासत में गुरु-शिष्य संबंधों की महत्ता और संवाद की परंपरा को उजागर करना था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सामाजिक सद्भाव विभाग प्रमुख रूपेंद्र साहू थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक के सह जिला कार्यवाह भोपेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने की। मुख्य वक्ता रूपेंद्र साहू ने कहा कि भारतीय परंपरा में संवाद केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं रहा है, बल्कि यह आत्मबोध और समग्र विकास की प्रक्रिया का आधार रहा है। कबीर का उदाहरण देते हुए कहा कि कबीर गुरु के महत्वपूर्ण को न सिर्फ़ स्वीकार करते हैं बल्कि उसे श्रेष्ठता के साथ स्वीकार करते हैं। मनुष्य को पांच रूपों में गुरु प्राप्त होते हैं। माता, पिता, शिक्षा देने वाले गुरु, दीक्षा देने वाले गुरु और परिस्थितियाँ। पहले गुरुकुल पद्धति थी और आश्रमों में दी जाने वाली शिक्षा केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसमें खेती, कारीगरी, युद्धकला, सेवा, अनुशासन और सह-अस्तित्व का प्रशिक्षण भी शामिल होता था। भोपेन्द्र साहू ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में 'गुरु' केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक चेतना हैं जो शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर, जड़ता से चेतना की ओर ले जाते हैं। और 'संवाद' वह सेतु है, जिसके माध्यम से यह ज्ञान, अनुभव और आत्मबोध शिष्य तक प्रवाहित होता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने कहा गुरु कौन है? जो जीवन भर सीखता है वही श्रेष्ठ गुरु है। कई बार प्रकृति एवं परिस्थितियाँ हमारे लिए गुरु का कार्य करती हैं। गुरु का व्यक्तित्व ही उसे श्रेष्ठ बनाता है। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी बोल ने कहा कि गुरु सर्वत्र, सर्वज्ञ और सर्व विद्यमान है। ज्ञान, अनुभव और संस्कार को गुरु की विस्तार देता है। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दिवाकर तिवारी ने किया।




**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ........ अ/6(अ) वर्ष 2024-25
ग्राम तामासिवनी प.ह.न. 05 रा.नि.म. तोरला
तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक/ / वा.-1/ तह. /2025
नवापारा, दिनांक 11/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक विष्णु गिलहरे पिता फेरहा राम निवासी ग्राम तामासिवनी के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम तामासिवनी प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 789/2 रकबा 0.42 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का नक्शा त्रुटि होने से नक्शा सुधार हेतु 107 (5) के तहत अपर कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पेश किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक 28/07/2025 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
गोबरा नवापारा

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ........ अ/6(अ) वर्ष 2024-25
ग्राम तामासिवनी प.ह.न. 05 रा.नि.म. तोरला
तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक/ / वा.-1/ तह. /2025
नवापारा, दिनांक 11/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक विष्णु गिलहरे पिता फेरहा राम निवासी ग्राम तामासिवनी के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम तामासिवनी प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 1806/1, 1812/2 रकबा 0.15, 0.38 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का नक्शा त्रुटि होने से नक्शा सुधार हेतु 107 (5) के तहत अपर कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पेश किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक 28/07/2025 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
गोबरा नवापारा

## खबर संक्षेप

### सोसायटियों में नहीं मिल रही खाद, बुआई का समय निकल रहा : खान

**गरियाबंद।** सहकारी समितियों में खाद की किल्लत को सरकार का किसान विरोधी षड्यंत्र बताते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज खान ने कहा कि खरीफ की बुआई का



अहम समय निकल रहा है, लेकिन किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रही। सरकार किसानों को पहले एनपीके का विकल्प और अब नैनो डीएपी का झांसा देकर गुमराह कर रही है। असलियत यह है कि सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उत्पादन लें, ताकि समर्थन मूल्य पर कम धान खरीदी करना पड़े। यही कारण है कि बोनी के ऐन वक्त पर खाद का कृत्रिम संकट खड़ा किया गया है। हाफिज खान ने सवाल उठाया जब किसानों ने अप्रैल माह तक डिमांड लिखाई थी, तब समय पर पर्याप्त खाद की आपूर्ति और भंडारण क्यों नहीं हुआ? उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में डीएपी खाद की कालाबाजारी हो रही है। निजी दुकानों में किसानों से 2000 रुपये प्रति बोरी तक वसूला जा रहा है। जमाखोरों को संरक्षण मिलने के कारण कृषि विभाग के अधिकारी भी कार्रवाई नहीं कर रहे।

### केजव्हील से टकराकर युवक घायल, काटना पड़ा पैर

**महासमुंद।** ट्रैक्टर के केजव्हील से टकराकर बाइक में सवार युवक घायल हो गया। पुलिस को सुखमोती भोई पति सेतकुमार भोई (30 साल) कटंगतराई थाना सांकरा ने बताया कि 8 जुलाई को उसका लड़का प्रेम भोई कटंगतराई से पैदल सलडीह तक आया था और रास्ते में सलडीह से भगतदेवरी के सुरेश्वर पोर्ते की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएन 2479 में लिफ्ट मांगकर अपने मामा के घर भगतदेवरी आ रहा था। शाम करीब 7 बजे सलडीह देशी मदिरा भट्ठी के पास ग्राम भगतदेवरी की ओर से आ रही नीले रंग की ट्रैक्टर के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर के केजव्हील से सुरेश्वर पोर्ते की मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे प्रेम भोई तथा सुरेश्वर पोर्ते को चोटें आई। प्रार्थिया ने बताया कि उसके लड़के प्रेम भोई का पैर ट्रैक्टर के केजव्हील में फंसने से गंभीर चोट आई। जिसका इलाज के दौरान डॉक्टर द्वारा दाहिने पैर को काट दिया गया।

**विडंबना :** शौचालय का निर्माण कर पानी की नहीं की गई व्यवस्था, लटके हुए हैं ताले

# करोड़ों रुपए के बने सामुदायिक शौचालय बगैर उपयोग के खण्डहर में हो रहा तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

स्वच्छ भारत योजना के तहत गांवों को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के लगभग 60 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए 2020-21 और 2021-22 में चार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई थी। हालांकि, जमीनी स्तर पर इन शौचालयों का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है, जिससे ये सफेद हाथी बनकर रह गए हैं।

मैनपुर विकासखंड में निर्मित दर्जनों सामुदायिक शौचालय आज भी ताले में बंद पड़े हैं। इसका मुख्य कारण शौचालयों में पानी की व्यवस्था का न होना बताया जा रहा है। पानी की अनुपलब्धता के चलते ग्रामीण इन शौचालयों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं और आज भी खुले में शौच करने को मजबूर हैं। केंद्र और राज्य सरकार की इन शौचालयों के निर्माण के पीछे की मंशा पूरी होती नजर नहीं आ रही है।

विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने शौचालय निर्माण के बाद उनकी उपयोगिता की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है, जिससे ये सामुदायिक शौचालय केवल शोपीस बनकर रह गए हैं।

**शासन के रिकॉर्ड में हो चुका है शौचालय का कार्य पूर्ण, जमीनी हकीकत कुछ और**





### अधूरे निर्माण और शिकायतों का अंबार

जनपद पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार, मैनपुर विकासखंड क्षेत्र को सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए मार्च 2021 में लगभग तीन करोड़ 30 लाख रुपये की राशि जारी की गई थी, और 2021-22 में 10 शौचालयों के लिए भी अलग से राशि दी गई। प्रति शौचालय की लागत 03 लाख 50 हजार रुपये बताई गई थी, और निर्माण कार्य 3 महीने के भीतर पूरा किया जाना था। लेकिन डेढ़ वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के आधे से ज्यादा ग्राम पंचायतों में शौचालय का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। कई ग्राम पंचायतों में जो शौचालय बनाए गए हैं, वे बाहर से तो चकाचक रंग-रोगन किए हुए दिखते हैं, लेकिन उनके भीतर न तो शौचालय की सीट, न बेसिन और न ही पानी की कोई व्यवस्था है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार जनपद पंचायत मैनपुर तक अधूरे शौचालय निर्माण की शिकायतें पहुंचती रही हैं, लेकिन इसके बावजूद एक दर्जन से ज्यादा सामुदायिक शौचालय अभी भी अधूरे पड़े हुए हैं।

### तोड़फोड़ का डर और समाधान की उम्मीद

कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने बताया कि शौचालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन पानी की व्यवस्था के लिए अलग से बजट नहीं दिया गया। उनके अनुसार, शौचालयों को खुला रखने से बच्चे सीटों और अन्य सामग्रियों के साथ तोड़फोड़ करते हैं, इसलिए उन्हें मजबूरन ताला लगाकर रखना पड़ता है। गांव में शादी-विवाह और अन्य कार्यक्रमों के दौरान ही इन शौचालयों को खोला जाता है।

बाक्स

### पूरा करने दिए हैं निर्देश

जनपद पंचायत मैनपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ने बताया कि मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के जहां भी सामुदायिक शौचालय अधूरे हैं, उन्हें पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा शौचालयों में पानी की व्यवस्था करवा कर उन्हें प्रारंभ करवाया जाएगा, जिसके संबंध में पूर्व में ही निर्देश दिए जा चुके हैं।

# पुलिस ने आईटीआई में चलाया सामाजिक जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को पुलिस द्वारा एक विशेष सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) विकास पाटले उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को कानून, साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और समाजिक जिम्मेदारियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारिलंद प्रदान कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य, फैकल्टी और विद्यार्थियों द्वारा एसडीओपी सहित अन्य अधिकारियों के स्वागत के साथ हुआ। एसडीओपी पाटले ने अपने उद्बोधन में कहा कि तकनीक के इस युग में युवाओं को न सिर्फ तकनीकी ज्ञान बल्कि कानूनी और सामाजिक जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा की आईटीआई के छात्र



भविष्य में देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उन्हें यह जानना जरूरी है कि साइबर क्राइम से कैसे बचा जाए, नशे की लत से कैसे दूर रहा जाए और महिलाओं की सुरक्षा को कैसे प्राथमिकता दी जाए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने खुलकर सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल भाषा में जवाब देकर समाधान प्रस्तुत किया। सब इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर गंगवाल ने समाधान ऐप के माध्यम से डिजिटल शिकायत प्रणाली की जानकारी दी और छात्रें को बताया कि कैसे वे तकनीक का उपयोग प्रशासनिक मदद के लिए कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में एसडीओपी पाटले ने कहा की हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक शिक्षण संस्थान तक इस प्रकार के कार्यक्रम पहुँचें, ताकि युवा जागरूक बनें और अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझ सकें। संस्थान के प्रबंधन और विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए गरियाबंद पुलिस का आभार व्यक्त किया। सामाजिक जागरूकता की दिशा में यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक सार्थक और प्रेरणादायक प्रयास रहा।

# सोनेसिली में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्व मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम सोनेसिली में श्री बालाजी मानस शक्ति केन्द्र पिपरौद के अंतर्गत पावन ग्राम सोनेसिली के आशा ज्योति मानस मंडली एवं ग्राम पंचायत ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से एक दिवसीय गुरु पूर्णिमा मानस महोत्सव पर्व बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। सुबह 9 बजे मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर के अध्यक्ष एन आर साहू गुरुदेव एवं समस्त पदाधिकारी गण एवं श्री बालाजी मानस शक्ति केन्द्र पिपरौद के अध्यक्ष एस एल साहू गुरुदेव, सचिव नूतन साहू एवं



समस्त पदाधिकारी, सरपंच अजय साहू, उपसरपंच ताराचंद साहू, समस्त पंचगण व ग्राम प्रमुख आशा ज्योति मानस मंडली के समस्त सदस्यों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी की पूजा अर्चना किया गया और स्थानीय मंडली आशा ज्योति मा मंडली सोनेसिली द्वारा मंगलाचरण किया गया जिसमें सात मां मंडलियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लव कुश मां मंडली ठेलकाबांधा, ज्ञान दीप महिला मां मंडली डोंगीतराई, मां दंतेश्वरी महिला मां मंडली खमरिया भखारा, महेश्वर मा मंडली मानिकचौरी, मां सरस्वती मां मंडली गिरोला, जय सरस्वती मां मंडली टोकरों, ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मां कौशिल्या जिला मानस संघ व श्री बालाजी मानस शक्ति केन्द्र पिपरौद एवं ग्रामीणों के द्वारा शिक्षको को श्रीफल, गमछा व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

### पांडुका से अयोध्या के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

**राजिम।** रामलाल दर्शन योजना के तहत ग्राम पंचायत पांडुका से अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालु रवाना हुए। जिसमें प्रमुख से किरण साहू, भावना शर्मा, रामखेलावन शर्मा, सोहन साहू, ओमकुमारी साहू का तिलक लगाकर श्रीफल भेंटकर मुंह मीठा कराकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सरपंच भानु ध्रुव, पूर्व महामंत्री नागेंद्र साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जवाहर शर्मा, खिलेश्वर द्विवेदी, बुथ अध्यक्ष कन्हैया चक्रधारी, पंच लता ढीमर, हर्ष देवांगन, गौतम साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# 27 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शहर के 27 तीर्थयात्रियों ने श्रीरामलला दर्शन के लिए यात्रा आरम्भ की। बता दें कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए नवापारा नगर के 27 तीर्थ यात्रियों को नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं महिला बाल विकास एवं शिक्षा सभापति पूजा कंसारी ने तीर्थ यात्रियों की आरती तिलक एवं श्रीफल भेंट कर यात्रा आरंभ करवाई। अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू ने कहा कि विधायक इन्द्रकुमार साहू के मार्गदर्शन में नगरवासियों को किए वादे निरंतर पूरे किए जा रहे है। प्रभु श्रीरामलला का दर्शन पाना सौभाग्य की बात है। खुशी की बात है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत लोगों को विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन करने का पुण्य लाभ प्राप्त हो रहा है। शासन की इस योजना को वृद्धजनों का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। जनता के लिए सरकार श्रवणकुमार का कार्य कर रही है। इस अवसर पर धनमति साहू, कन्हैया साहू, गौरव कुमार उपस्थित रहे।

# खरखरा पंचायत ने वन विभाग के पौधारोपण पर आपत्ति जताई

**छुरा।** ग्राम पंचायत खरखरा की सरपंच लताबाई ने जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें वन विभाग द्वारा ग्राम पंचायत की भूमि और पशु चारागाह पर बिना ग्राम सभा की सहमति के किए जा रहे पौधारोपण और घेराबंदी के कार्य को रोकने की मांग की गई है। सरपंच लताबाई ने बताया कि वन परिक्षेत्र पाण्डुका रेंज, वन मंडल गरियाबंद द्वारा ग्राम खरखरा के राजस्व रिकॉर्ड (पटवारी हल्का नंबर 25, खसरा नंबर 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 42, 43, 44) और वन भूमि कक्ष क्रमांक 148/XI पर बिना ग्राम पंचायत प्रस्ताव और ग्राम सभा की सहमति के पौधारोपण के लिए गड्ढे खोदने और घेराबंदी का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत का आरोप है कि यह कार्य पंचायती राज अधिनियम 1993 और पेसा अधिनियम 1996 का सीधा उल्लंघन है।इस मुद्दे पर ग्राम पंचायत खरखरा में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव क्रमांक 12 पारित कर वन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य को तत्काल रोकने का निर्णय लिया गया। इसके बाद, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि जनपद कार्यालय पहुंचे और सीईओ को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

**चारागाह की कमी का मुद्दा उठाया-** ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि विवादित भूमि के अलावा ग्राम खरखरा में पशुओं को चराने के लिए कोई अन्य चारागाह उपलब्ध नहीं है। ऐसे में, इस भूमि पर पौधारोपण से स्थानीय पशुपालकों के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्राम पंचायत खरखरा का यह कदम स्थानीय स्वशासन और सामुदायिक अधिकारों को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। क्या इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई की गई है?

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
17 जुलाई दिन गुरूवार, कुलेश्वर मेडिकल
सरकारी अस्पताल के पास, श्यामाचरण चौक, राजिम
लकवा (स्ट्रोक) गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया | एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. एस. चौरसिया | एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
9 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 2025
माल रोड, फागू, कुफरी, नालदेहरा, मशोबरा, रोहतांग दर्रे, काली बाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर, माल रोड स्कैंडल प्वाइंट, लक्कड़ बाजार, वर्षों पुरानी तारा देवी मंदिर, देवताओं की घाटी कुल्लू मणिकरन
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# शिव मंदिरों में गूंजा ओम नमः शिवाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

सावन मास के पहले सोमवार को क्षेत्र के शिव मंदिर ऊं नमः शिवाय' के जयकारों से गूंज उठे। सुबह से लेकर देर रात तक भक्तजन भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए उमड़ पड़े। सावन मास 11 जुलाई, शुक्रवार से शुरू हुआ है, और पहले सोमवार को श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिर जैसे प्रज्ञेश्वरनाथ, टंकेश्वरनाथ, थानेश्वरनाथ, योगेश्वरनाथ, बटेश्वरनाथ और अन्य शिवालयों में महादेव के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा वातावरण शिवमय हो गया था। सुबह बाबा टंकेश्वरनाथ और प्रज्ञेश्वरनाथ महादेव का पंचामृत स्नान कर अभिषेक और श्रृंगार



किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गायत्री परिवार की महिलाएं मंदिर में श्रावणी रामायण का पाठ कर रही हैं, जो पूरे सावन मास तक चलेगा। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को धनिष्ठा नक्षत्र और आयुष्मान योग का शुभ संयोग रहा। दूसरा सोमवार 21 जुलाई रोहिणी नक्षत्र में चंद्रमा वृषभ राशि में रहेंगे। इस दिन कामिका एकादशी और सर्वार्थ सिद्धि योग का भी शुभ संयोग है। इस दिन व्रत करने से भगवान शिव के साथ-साथ भगवान विष्णु की कृपा भी प्राप्त होगी। तीसरा सोमवार (28 जुलाई): चंद्रमा पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में होगा। अंतिम सोमवार 4 अगस्त सर्वार्थ सिद्धि योग, ब्रह्मा और इंद्र योग रहेगा। चंद्रमा अनुराधा नक्षत्र और चित्रा नक्षत्र से वृश्चिक राशि पर संचार करेंगे।सुबह शिव भक्तों ने मंदिर पहुंचकर शिवलिंग पर चंदन, अक्षत, धतूरा, कनेर पुष्प, बेलपत्र, जनेऊ, फल, दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, पंचामृत, नारियल, मिश्री और पान अर्पित किए। जलाभिषेक के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। बेदी पूजा में बैठे श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के जलाभिषेक में शामिल होकर स्वयं को धन्य महसूस किया। पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति के सभी सदस्य व्यवस्थाएं देखने में सक्रिय रूप से जुटे हुए थे।